Roll No.
रोल नं.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

# Series RKM

**Code No.** / **कोड नं.** **32/1**

- Please check that this question paper contains 7 printed pages + 3 Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 24 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 7 + 3 मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 24 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

# SOCIAL SCIENCE
# सामाजिक विज्ञान

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks: 80*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

***General Instructions :***

*(i) Answer to questions carrying 2 marks should not exceed 30 words each.*

*(ii) Answer to questions carrying 4 marks should not exceed 60 — 80 words each.*

*(iii) Answer to questions carrying 6 marks should not exceed 100 — 125 words each.*

*(iv) Maps should be securely tied in the middle of the Answer-Book.*

*(v) Attempt all parts of a question together.*

*(vi) Stencils or templates for drawing outline maps may be used wherever necessary.*

***सामान्य निर्देश :***

*(i) 2 अंकों वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक न हो।*

*(ii) 4 अंकों वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 से 80 शब्दों से अधिक न हो।*

*(iii) 6 अंकों वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 से 125 शब्दों से अधिक न हो।*

*(iv) मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका की बीच में मजबूती से बांधिए।*

*(v) किसी प्रश्न के सभी भागों के उत्तर साथ-साथ दीजिए।*

*(vi) जहाँ कहीं आवश्यक हो स्टैंसिलों अथवा सांचों को रेखा-मानचित्र बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।*

1. State any two main objectives of the British Government to spread education in India. 2×1=2

भारत में शिक्षा का प्रसार करने के पीछे ब्रिटिश सरकार के किन्हीं दो मुख्य उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।

2. State two ways by which the Indian people reacted to the partition of Bengal by Lord Curzon. 2×1=2

लॉर्ड कर्जन द्वारा बंगाल विभाजन पर भारतीय लोगों द्वारा व्यक्त की गई दो प्रतिक्रियाओं का उल्लेख कीजिए।

3. Write two points of distinction between renewable resources and non-renewable resources. 2×1=2

नवीकरणीय संसाधनों और अनवीकरणीय संसाधनों में दो बिन्दुओं में अन्तर लिखिए।

4. Which is the most important cereal crop in India ? Name the two major producing states of this crop. 1+1=2

भारत में सबसे महत्त्वपूर्ण खाद्यान्न फसल कौनसी है ? इस फसल के दो प्रमुख उत्पादक राज्यों के नाम बताइए।

5. Why is sustainable development essential for economic growth ? Give two reasons. 2×1=2

आर्थिक विकास के लिए सतत् पोषणीय विकास क्यों आवश्यक है ? दो कारण दीजिए।

6. How does casteism create hindrance in our social development ? Explain any two points. 2×1=2

हमारे सामाजिक विकास में जातिवाद किस प्रकार बाधा पैदा करता है ? किन्हीं दो बिन्दुओं को स्पष्ट कीजिए।

7. Explain any two man-made factors responsible for landslides. 2×1=2


भूस्खलन के लिए उत्तरदायी किन्हीं दो मानव-निर्मित कारकों की व्याख्या कीजिए।

8. Analyse any two situations because of which the European trading companies started interfering in the political affairs of India in the eighteenth century. 2×1=2

किन्हीं दो परिस्थितियों का विश्लेषण कीजिए जिनके कारण यूरोपीय व्यापारी कम्पनियों ने अठारहवीं शताब्दी में भारत के राजनीतिक मामलों में दखल देना प्रारम्भ कर दिया।

**9.** Identify and name the Indian national leader shown in the picture given below. State any two of his contributions in promoting Indian Nationalism. 1+1=2

नीचे दी गई तस्वीर में भारतीय राष्ट्रीय नेता को पहचानिए और उनका नाम लिखिए। भारतीय राष्ट्रीयता को बढ़ावा देने में उनके किन्हीं दो योगदानों का उल्लेख कीजिए।



***Note :*** *The following question is for the **Blind Candidates** only in lieu of Q. No. 9.*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 9 के स्थान पर है।*

State any two contributions of Surendra Nath Banerjee to promote Indian Nationalism. 2×1=2

भारतीय राष्ट्रीयता को बढ़ावा देने में सुरेन्द्र नाथ बनर्जी के किन्हीं दो योगदानों का उल्लेख कीजिए।

**10.** How can Indian agricultural products stand in the world market ? Suggest two ways in this regard. 2×1=2

भारतीय कृषि उत्पाद विश्व बाजार में किस प्रकार टिक सकते हैं ? इस संदर्भ में दो उपाय सुझाइए।

**11.** Identify the different thrust areas of human development. Which one of them plays the most significant role in the development ? 1½+½=2

मानव विकास पर बल देने वाले विभिन्न क्षेत्रों की पहचान कीजिए। उनमें से कौनसा क्षेत्र विकास में सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है ?

**12.** How will you help a person if you find him/her in a burnt state ? Suggest any two ways. 2×1=2

यदि आपने किसी जले हुए व्यक्ति को देखा है तो उस अवस्था में आप उसकी किस प्रकार सहायता करोगे ? कोई दो उपाय सुझाइए।

**13.** In which two categories are minerals generally classified ? Give three characteristics of each category. 1+1½+1½=4

सामान्यतः खनिजों को किन दो वर्गों में बाँटा गया है ? प्रत्येक वर्ग के खनिजों की तीन-तीन विशेषताएँ दीजिए।

**14.** Describe any four privileges enjoyed by minority communities in India. 4×1=4

**OR**

State any eight steps which have been mentioned in the Indian Constitution to protect the interests of Scheduled Castes and Scheduled Tribes. 8×½=4

भारत में अल्पसंख्यक समुदायों द्वारा उठाए जा रहे किन्हीं चार विशेषाधिकारियों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के हितों की सुरक्षा के लिए भारतीय संविधान में शामिल किन्हीं आठ उपायों का उल्लेख कीजिए।

**15.** Make the correct pairs from the two Columns A and B : 4×1=4

| *Column A* <br> *(Author)* | *Column B* <br> *(Works)* |
|---|---|
| Somadeva | *Prithviraj Raso* |
| Kalhana | *Gitagovinda* |
| Jayadeva | *Rajataringini* |
| Chandbardai | *Katha-Sarit-Sagar* |

**OR**

Explain any four contributions of Amir Khusrau. 4×1=4

नीचे दिए गए दो स्तम्भों क और ख से सही जोड़े बनाइए :

| *स्तभ क* <br> *(लेखक)* | *स्तम्भ ख* <br> *(कृति)* |
|---|---|
| सोमदेव | *पृथ्वीराज रासो* |
| कल्हण | *गीतगोविन्द* |
| जयदेव | *राजतरंगिनी* |
| चंदबरदाई | *कथा-सरित-सागर* |

**अथवा**

अमीर खुसरो के किन्हीं चार योगदानों को स्पष्ट कीजिए।

**16.** Explain any four factors which are responsible for decentralisation of cotton industry in India. 4×1=4

**OR**

Explain any four measures to control air pollution created by industries in India. 4×1=4

भारत में सूती-वस्त्र उद्योग के विकेन्द्रीकरण के लिए उत्तरदायी किन्हीं चार कारकों को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

भारत में उद्योगों द्वारा उत्पन्न वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने वाले किन्हीं चार उपायों को स्पष्ट कीजिए।

**17.** "Transport routes are called the basic arteries of our economy." Support this statement with four examples. 4×1=4

''परिवहन मार्ग हमारी अर्थव्यवस्था की आधारभूत धमनियाँ हैं।'' इस कथन की चार उदाहरणों की मदद से पुष्टि कीजिए।

**18.** Explain the four measures taken by the Government of India to tackle the problem of poverty. 4×1=4

भारत सरकार द्वारा गरीबी की समस्या को हल करने के लिए उठाए गए चार उपायों की व्याख्या कीजिए।

**19.** How did Non-Aligned Movement (NAM) come into existence as the second largest political formation in the world ? Explain. 4

संसार में गुट-निरपेक्ष आंदोलन (NAM) किस प्रकार दूसरे सबसे बड़े राजनीतिक संगठन के रूप में अस्तित्व में आया ? स्पष्ट कीजिए।

**20.** What should be the configuration and foundation of an earthquake-resistant building ? Explain two points for each. 2+2=4

भूकंप-रोधी भवन की आकृति और नींव कैसी होनी चाहिए ? प्रत्येक के लिए दो-दो बिन्दु स्पष्ट कीजिए।

**21.** State any six objectives of the 'National Forest Policy' regarding conservation of forests in the country. 6×1=6

**OR**

Describe any six measures adopted for the conservation of water. 6×1=6

देश में वनों के संरक्षण के लिए 'राष्ट्रीय वन नीति' के किन्हीं छः उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

जल संरक्षण के लिए अपनाए गए किन्हीं छः उपायों का वर्णन कीजिए।

**22.** State the two index numbers used to know the price rise. Describe the four steps taken by the Government of India to control price rise. 2+4=6

**OR**

Describe any two features of each of the three strategies adopted by the Government to protect the interests of the consumers. 3×2=6

मूल्य-वृद्धि जानने के लिए प्रयुक्त दो प्रकार के सूचकांकों का उल्लेख कीजिए। भारत सरकार द्वारा मूल्य-वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए उठाए गए चार कदमों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए सरकार द्वारा अपनाए गए तीन प्रकार के उपायों की किन्हीं दो-दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**23.** Explain any six factors that contributed to the growth of Indian Nationalism during the 19th century. 6×1=6

**OR**

Explain any six points regarding the significance of the 'Revolt' of 1857. 6×1=6

उन्नीसवीं सदी में भारतीय राष्ट्रवाद के विकास के योगदान देने वाले किन्हीं छः कारकों को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

1857 के 'महाविद्रोह' के महत्त्व के संदर्भ में किन्हीं छः बिन्दुओं की व्याख्या कीजिए।

**24.** (a) (i) On the given political outline map of **India** (on page 9) the place is shown by No. 1, where the resolution for complete independence was declared. Identify and write the correct name of this place on the line drawn on the map.

(ii) On the same map of **India** (on page 9) shade and name the state where the 'Gol Gumbaz' is located. 1+1=2

(b) On the given political outline map of **India** (on page 11) are shown four geographical features A, B, C and D. Identify these features with the help of the map key and write their correct names on the line marked against each in the map. 4×1=4

**OR**

On the given political outline map of **India** (on page 12) locate and label the following geographical features : 4×1=4

(i) Pune — Cotton Textile Centre

(ii) Narimanam — Oil Refinery

(iii) Rawatbhata — Nuclear Power Station

(iv) Vishakhapatnam — Sea-port

(अ) (i) दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 9 पर) में संख्या 1 द्वारा उस स्थान को दिखाया गया है जहाँ पूर्ण स्वराज के प्रस्ताव की घोषणा की गई थी। इस स्थान की पहचान कीजिए और उसका सही नाम मानचित्र पर खींची गई रेखा पर लिखिए।

(ii) **भारत** के इसी मानचित्र (पृष्ठ 9 पर) में उस राज्य को छायांकित कीजिए और उसका नाम लिखिए जहाँ पर 'गोल गुम्बज' स्थित है।

(ब) दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11 पर) पर चार भौगोलिक लक्षण क, ख, ग और घ दिखाए गए हैं। मानचित्र में दी गई कुंजी की मदद से इन लक्षणों को पहचानिए और मानचित्र में प्रत्येक के सामने दी गई रेखा पर उनके सही नाम लिखिए।

**अथवा**

दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 12 पर) पर निम्नलिखित भौगोलिक लक्षणों की स्थिति दिखाइए और उनके नाम लिखिए :

(i) पुणे — सूती-वस्त्र केन्द्र

(ii) नारीमानम — तेल परिष्करणशाला

(iii) रावतभाटा — नाभिकीय शक्ति केन्द्र

(iv) विशाखापटनम — समुद्री-पत्तन

*Note :* *The following question is for the **Blind Candidates** only in lieu of Q. No. 24 (a) and (b).*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 24 (अ) और (ब) के स्थान पर है।*

(i) Name the place where the resolution for complete independence was declared.

(ii) In which state is 'Gol Gumbaz' situated ?

(iii) Which is the leading state in the production of rubber ?

(iv) Name the Northern Terminal Station of North-South Corridor.

(v) Name the international airport located in West Bengal.

(vi) Name the Software Technology Park located in Orissa. 6×1=6

(i) उस स्थान का नाम बताइए जहाँ पूर्ण स्वराज के प्रस्ताव की घोषणा की गई थी।

(ii) 'गोल गुम्बज' किस राज्य में स्थित है ?

(iii) रबर की अग्रणी उत्पादक राज्य कौनसा है ?

(iv) उत्तर-दक्षिण गलियारे के उत्तरी अन्तिम स्टेशन का नाम बताइए।

(v) पश्चिम बंगाल में स्थित अन्तर्राष्ट्रीय वायु-पत्तन का नाम बताइए।

(vi) उड़ीसा में स्थित सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क का नाम बताइए।


For question no. 24 (a)

प्रश्न सं. 24 (अ) के लिए



For question no. 24 (b)

प्रश्न सं. 24 (ब) के लिए



For question no. 24 (b) **OR** प्रश्न सं. 24 (ब) **अथवा** के लिए

